web : www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN16931 || email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, रविवार 9 दिसम्बर 2018 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-72

# रिपोर्ट में हुआ खुलासा, शादी के लिए म्यांमार से खरीदकर चीन भेजी जा रही हैं महिलाएं

नई दिल्ली। बढ़ते लिंगानुपात के कारण चीन में म्यांमार से हजारों लड़कियों और महिलाओं को खरीदकर अथवा तस्करी कर चीन लाया जा रहा हैं। उनकी चीनी पुरुषों से जबरन शादी कराई जा रही है और बच्चा पैदा करने के विवश किया जा रहा है। जॉन्स हॉपकिंस ब्लूमबर्ग स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के एक शोध में यह खुलासा हुआ है। इस शोध से पता चला है कि अब तक म्यांमार के उत्तरी प्रांत कांचीन और शान की ही करीब 7,500 महिलाओं को चीन ले जाया गया और वहां उनकी चीनी पुरुषों से जबरन शादी कराई गई।

चीन में एक बच्चा पैदा करने की नीति के चलते देश का लिंगानुपात बिगड़ चुका है। शहरों की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में लिंगानुपात ज्यादा है। यहां महिलाओं की अपेक्षा पुरुष 34 मिलियन (तीन करोड़ तीस लाख) ज्यादा हैं इसलिए ग्रामीण क्षेत्रों में लड़कियों और महिलाओं की मांग तेजी से बढ़ी है।



लैंगिक विषमता के चलते म्यांमार, लाओस, कंबोडिया और वियतनाम जैसे गरीब देशों से हर साल कई हजार लड़कियों को खरीदकर अथवा तस्करी से चीन लाया जा रहा है। गरीबी तथा अन्य कारणों से म्यांमार की महिलाएं स्वेच्छा से. धन लेकर अथवा तस्करी से चीन जाने को मजबूर हो रही हैं।

शोधकर्ताओं को एक महिला ने बताया कि उसे चीन में तीन बार जबरन भेजा गया और हर बार उसे बच्चा पैदा करने को मजबूर किया गया। म्यांमार में महिलाओं की सुरक्षा बड़ी चुनौती है। इन विवाहों को महिला के परिवार या गांव के बुजुर्गों द्वारा कराया जाता है, जिससे पीड़ित भी इससे इनकार करने में असमर्थ होती है। रिपोर्ट के मुताबिक, युवा लड़कियों को 10 से 15 हजार डॉलर में बेचा जाता है। चीन में उनकी शादी बूढ़े, बीमार और अपंग व्यक्ति से कराई जाती है।

रिपोर्ट के मुताबिक, म्यांमार के युद्ध प्रभावित कचिन और उत्तरी शान राज्यों की 7,500 महिलाओं को तस्करी कर चीन में शादी के लिए ले जाया गया। इनमें से अधिकतर को पति द्वारा बच्चा पैदा करने के लिए भी मजबूर किया गया।

रिपोर्ट तैयार करने वाले डब्ल्यू कोर्टयार्ड रोबिनसन ने बताया कि संघर्ष, गरीबी और विस्थापन के कारण महिलाओं म्यांमार को छोड़ रही हैं, जबकि पुरुष महिलाओं की संख्या में असंतुलन की वजह से खासतौर पर चीन के ग्रामीण क्षेत्र में पत्नी की मांग बेहद ज्यादा है।

## नीयत की कमी के चलते पिछड़ा भारत : पीएम

### कार्य संस्कृति की कमी को दूर करने का प्रयास जारी

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 'न्यू इंडिया की संकल्प से सिद्धि की यात्रा' पर आगे बढ़ते हुए भारत दूसरे युग में छलांग लगाने के लिए तैयार है और सरकार करोड़ों भारतीयों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए तत्पर है। उन्होंने जोर देकर कहा कि केन्द्र सरकार शत-प्रतिशत लोगों को करीब-करीब सभी मूलभूत सुविधाएं देने के करीब पहुंच गई है।



यहां शुक्रवार को को समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'बीते चार वर्षों में आप इस परिवर्तन को होते हुए देख भी रहें हैं। आंकड़े इसकी गवाही दे रहे हैं। लेकिन ये सब पहले क्यों नहीं हुआ?' उन्होंने सवाल किया कि आप भी अकसर सोचते होंगे कि आखिर हमारा देश पिछड़ा क्यों रह गया? आजादी के इतने दशकों के बाद यह कसक आपके मन में भी होगी कि हम क्यों पीछे रह गए? प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे पास विशाल उपजाऊ भूमि है। हमारे नौजवान बहुत प्रतिभाशाली और मेहनती हैं। हमारे पास प्राकृतिक संसाधनों की भी कोई कमी नहीं। इतना सब कुछ होने के बावजूद हमारा देश आगे क्यों नहीं बढ़ पाया?' उन्होंने कहा कि मंजिलों की कमी नहीं थी, नीयत की कमी थी। पैसों की कमी नहीं थी, इच्छाशक्ति की कमी थी। समस्याओं की कमी नहीं थी, संवेदना की कमी थी। सामर्थ्य की कमी नहीं थी, कमी थी कार्यसंस्कृति की।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### खाई में गिरी बस, 11 की मौत, 19 घायल

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के मंडी तहसील में शनिवार को बड़ा हादसा हुआ. एक बस के खाई में गिरने से 11 लोगों की मौत हो गई जबकि 19 लोग घायल हो गए हैं. घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को बस से बाहर निकाला और घायलों को उपचार के लिए नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया. पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बस लूरन से पुंछ जा रही थी. बीच में मंडी के नजदीक बस फिसलकर एक गहरे नाले में गिर गई. स्थानीय रिपोर्ट्स के मुताबिक, बस का रजिस्ट्रेशन नंबर जेके02 क्यू0445 है.

बता दें कि शुक्रवार को किश्तवाड़ में एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई थी. यहां एक टैंकर गहरी खाई में गिर गया था. यह घटना किश्तवाड़ के बाहर स्थित हस्ती पुल में हुई.

### दिल्ली का ये डॉक्टर करंट लगाकर समलैंगिकों को ठीक करने का करता है दावा

नई दिल्ली। दिल्ली का एक डॉक्टर करंट लगाकर समलैंगिकों को ठीक करने का दावा करता है। दिल्ली चिकित्सा परिषद (डीएमसी) ने पीके गुप्ता नाम के इस डॉक्टर के प्रैक्टिस करने पर रोक लगा दी थी, बावजूद इसके वह अजीबोगरीब तरीके को अंजाम देता रहा. अब अदालत ने डॉक्टर को हाजिर होने का आदेश दिया है. डॉक्टर पीके गुप्ता का दावा है कि समलैंगिकता एक आनुवांशिक मानसिक विकृति है और समलैंगिक स्त्री-पुरुषों को बिजली का झटका देकर इसे ठीक किया जा सकता है.

मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अभिलाष मल्होत्रा ने कहा कि यह डॉक्टर जो तरीका इस्तेमाल कर रहा है, उसका कोई ब्योरा चिकित्सा विज्ञान में या स्वीकृत तौर तरीकों में नहीं है. भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम के तहत उसे एक साल की सजा हो सकती है. अदालत ने यह भी कहा कि गुप्ता के प्रैक्टिस पर रोक लगने के बाद भी वह बाज नहीं आ रहा.

अदालत ने डीएमसी द्वारा गुप्ता के खिलाफ उस शिकायत पर भी ध्यान दिया, जिसमें दावा किया गया है कि वह उपचार प्रदान करने के लिए हार्मोनल और झटके वाली थेरेपी का उपयोग कर रहा है. डॉक्टर 15 मिनट की काउंसलिंग के लिए 4,500 रुपये वसूलता है और उसके बाद ही वह हार्मोन या मनोवैज्ञानिक तरीके से इलाज करता है.

### कांग्रेस नेता जगदीश शर्मा के निवास पर ED ने मारा छापा

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने कांग्रेस के जगदीश शर्मा के निवास पर एक हमला किया है। उन्हें पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय में ले जाया गया है।

### 21 दिसंबर को बैंकों में हड़ताल, पांच दिन प्रभावित रहेगा काम

नई दिल्ली। भारतीय बैंक संघ के विभाजनकारी रवैये और वेतन समझौते की मांगों पर उदासीनता से नाराज यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) ने 21 दिसंबर को हड़ताल की घोषणा की है। इसके बाद महीने के चौथे शनिवार और रविवार की वजह से भी बैंकों में छुट्टी रहेगी। 24 दिसंबर को बैंक खुलने के बाद फिर 25 दिसंबर को क्रिसमस की छुट्टी रहेगी। ऐसे में लगातार पांच दिन तक बैंकों में कामकाज प्रभावित रहेगा। इसलिए अपने जरूरी काम 21 दिसंबर से पहले ही निपटा लें। ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कंफेडरेशन की अगुवाई में यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को हजरतगंज में बैंक ऑफ इंडिया परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। कन्फेडरेशन के सचिव दिलीप चौहान ने कहा कि भारतीय बैंक संघ ही अधिकारियों में विभाजन करके स्केल एक से तीन तक के ही अधिकारियों का वेतन पुनरीक्षीकरण करना चाहती है।

## राजस्थान में वसुंधरा की विदाई तो कड़ी टक्कर में उलझे शिवराज-रमन

**एग्जिट पोल में भाजपा के लिए सुखद संदेश नहीं** | **मप्र-छग में बुरी तरह उलझी सर्वे एजेंसियां** | **तेलंगाना में केसीआर का जादू कायम रहने के आसार**

नई दिल्ली (आरएनएस)। पांच राज्यों में संपन्न विधानसभा चुनाव के एग्जिट पोल के नतीजे भाजपा के लिए सुखद संकेत नहीं दे रहे। विभिन्न चैनलों द्वारा सर्वे एजेंसियों से कराए गए एग्जिट पोल के नतीजों के मुताबिक राजस्थान से जहां भाजपा की विदाई हो रही है, वहीं छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में पार्टी कांग्रेस के साथ कांटे की लड़ाई में उलझी है। एग्जिट पोल के मुताबिक एक अन्य राज्य तेलंगाना में टीआरएस की सत्ता बरकरार रखने की भविष्यवाणी की गई है।



भाजपा इन राज्यों में छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश में बीते 15 सालों से राजस्थान में बीते 5 सालो से काबिज है। हालांकि एग्जिट पोल की भविष्यवाणी कई बार गलत साबित हुई है।

राजस्थान से संबंधित सभी एग्जिट पोल में राज्य से वसुंधरा सरकार की विदाई तय बताई जा रही है। राज्य की 199 सीटों में इंडिया टुडे एक्सिस और टाईम्स नाउ-सीएनवी ने भाजपा को क्रमशः 55 से 72 और 85 सीटें तो कांग्रेस को क्रमशः 119-141 और 105 सीटें मिलने का दावा कर रहा है। इसके अलावा अन्य सभी एग्जिट पोट में भाजपा की हार की भविष्यवाणी की गई है।

**छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में कांटे की टक्कर**

राजस्थान के मामले में जहां सभी एग्जिट पोल में भाजपा की विदाई पर सहमत है, वहीं भाजपा शासित मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ पर चैनलों और सर्वे एजेंसियों की राय बंटी हुई है। कई एग्जिट पोल इन राज्यों में भाजपा तो कई कांग्रेस की जीत की भविष्यवाणी कर रहे हैं। कई एग्जिट पोल में कांटे की टक्कर होने का भी दावा किया गया है। छत्तीसगढ़ में जहां रिपब्लिक-सीवोटर और न्यूज 24 कांग्रेस की जीत का दावा कर रहा है तो टाईम्स नाऊ-सी वोटर, इंडिया टीवी-सीएनएक्स भाजपा की सरकार बनने का दावा कर रहे हैं। न्यूज नेशन यहां कांटे की टक्कर का दावा करता दिख रहा है। छत्तीसगढ़ की तरह मध्य प्रदेश में भी सर्वे एजेंसियों और टीवी चैनलों की राय बंटी हुई है। रिपब्लिक टीवी-जन की बात, इंडिया टुडे-एक्सिस जहां कांटे की टक्कर बता रहा है। वहीं टाईम्स नाऊ-सीएनएक्स चौथी बार भाजपा की सरकार बनने तो एबीपी न्यूज शिवराज की सत्ता खत्म होने का दावा कर रहा है।

## बुलंदशहर हिंसा : इंस्पेक्टर सुबोध की हत्या का आरोपी फौजी अरेस्ट

नई दिल्ली। बुलंदशहर में इंस्पेक्टर सुबोध सिंह की हत्या के आरोपी फौजी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फौजी जीतू को शुक्रवार देर रात सोपोर से गिरफ्तार किया गया. सेना ने उसे एसटीएफ के हवाले कर दिया. एसटीएफ की टीम उसे लेकर दिल्ली रवाना हो चुकी है.मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हिंसा के दौरान वीडियो में जीतू सुबोध सिंह के करीब खड़ा नजर आ रहा था. उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के स्याना गांव इलाके में कथित गोकशी के शक में 3 दिसंबर को हिंसा शुरू हो गई. भीड़ ने पुलिस पर हमला किया. जिसमें इंस्पेक्टर सुबोध कुमार सिंह का कत्ल कर दिया गया. इंस्पेक्टर सुबोध कुमार के ड्राइवर जो उस घटना के वक्त उनके साथ थे और अपनी जान बचा कर मौका-ए-वारदात से निकल आये थे।



## वाड्रा के सहयोगियों के ठिकानों पर छापेमारी खत्म

### दस्तावेज लेकर निकली ईडी

नईदिल्ली (आरएनएस)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अधिकारियों द्वारा यूपीए की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा से जुड़े तीन करीबी सहयोगियों के ठिकानों पर शुक्रवार को छानबीन की गई।



अधिकृत जानकारी के अनुसार इस आशय की कार्रवाई शनिवार सुबह खत्म हुई. ईडी ने रक्षा सौदों में कुछ संदिग्धों द्वारा कथित तौर पर कमीशन लिए जाने और विदेशों में अवैध संपत्ति रखने के मामले से जुड़ी अपनी जांच के सिलसिले में ये तलाशी ली. प्रवर्तन निदेशालय की जांच में पहली बार वाड्रा के सहयोगियों का नाम रक्षा सौदों में कथित तौर पर कमीशन लेने से जोड़ा गया है. रिपोर्ट के मुताबिक प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी सुखदेव विहार स्थित रॉबर्ट वाड्रा के आवास पर कार्रवाई के बाद दस्तावेजों के साथ गए.

## किश्तवाड़ में पाक आईएसआई एजेंट गिरफ्तार

जम्मू (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में पुलिस और सैन्य खुफिया इकाई ने पाकिस्तानी मूल के एक आईएसआई एजेंट को गिरफ्तार कर एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए आतंकवादी हमले की बड़ी साजिश को विफल कर दिया है। शीर्ष खुफिया सूत्रों ने बताया कि पुलिस और सेना ने संयुक्त अभियान के तहत मालीपोठ किश्तवाड निवासी सेहरान शेख उर्फ अबु जुबैर को गिरफ्तार कर बड़ी कामयाबी हासिल की। वह जिला पुलिस, सशस्त्र बलों तथा सेना से जुड़ी सूचनाएं एकत्र करने तथा उन जानकारियों को सीमा पार भेजने का काम किया करता था।



सूत्रों के मुताबिक गिरफ्तार आईएसआई एजेंट पाकिस्तानी संगठनों विशेष कर हरकत-उल-मुजाहिदीन के साथ भी संपर्क में था। यह एजेंट आतंकवादी हमलों के लिए पुलिस, सशस्त्र बलों तथा सेना की सूचनाएं एकत्र करता था। ऐसे संकेत मिले है कि इस एजेंट से प्राप्त जानकारी का इस्तेमाल बलों पर आतंकवादी हमले के लिए किया जा रहा था। सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने एजेंट के पास से अर्द्धसैनिक बलों समेत विभिन्न स्थानों के कई ऐसे वीडियो बरामद किये जो पाकिस्तानी नंबरों पर साझा किये गये थे।

## रामलीला मैदान में होगी राम मंदिर के लिए धर्मसभा

नईदिल्ली (आरएनएस)। 9 दिसंबर रामलीला मैदान में राम मंदिर निर्माण को लेकर होने वाली विराट धर्मसभा को लेकर दिल्ली पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया है. दिल्ली पुलिस मुख्यालय में दो बार सभी जिलों के डीसीपी क्राइम ब्रांच स्पेशल सेल की मीटिंग की गई है. जिसमें सभी जिलों के डीसीपी को सख्त आदेश दिए गए हैं कि अपने-अपने जिले में तमाम धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाली जगहों पर सघन गश्त (नाइट पेट्रोलिंग) करें. वहीं सभी जिलों में आने वाली हर पीसीआर कॉल पर भी पूरी निगरानी रखने को कहा गया है.

गौरतलब है कि दो दिन पहले एक मैसेज वायरल हुआ था जिसमें लिखा था कि नार्थ ईस्ट और ईस्ट दिल्ली में किसी संगठन ने पोस्टर छापकर चिपकाए थे. जिनमें धर्म सभा का विरोध किया गया था.

## उत्तरप्रदेश : फर्रुखाबाद से कानपुर जा रही मालगाड़ी पलटी, गार्ड गंभीर रूप से घायल

नई दिल्ली। यूपी के फर्रुखाबाद में शनिवार तड़के बड़ा हादसा हो गया। फर्रुखाबाद से कानपुर जा रही मालगाड़ी कमालगंज स्टेशन से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर राजेपुर गांव के पास तेज आवाज के साथ पटरी से सुबह 6.15 बजे उतर गई।



## जापान में 5.1 तीव्रता के भूकंप के झटके

टोक्यो (आरएनएस)। जापान के फुकुशिमा प्रांत में शनिवार को 5.1 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किये गये हालांकि सूनामी को लेकर कोई चेतावनी नहीं दी गयी। जापान के मौसम विभाग के अनुसार स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजकर 45 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किये गये। भूकंप का केंद्र 37.0 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 141.4 डिग्रीय पूर्वी देशांत पर जमीन की सतह से 40 किलोमीटर नीचे था। भूकंप में अभी तक किसी के हताहत होने या संपत्ति को नुकसान पहुंचने की कोई सूचना नहीं है। भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी भी नहीं दी गयी है।

## ब्राजील में बैंक लूटने का प्रयास, 12 लोगों की मौत




रियो डी जनेरियो (आरएनएस)। ब्राजील में बैंक लूटेरों के गिरोह और पुलिस के बीच गोलीबारी में 12 लोगों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, यह गोलीबारी सेरा के मिलाग्रेस में शुक्रवार को उस समय हुई, जब हथियारबंद समूह के 30 लोगों ने लोगों को बंधक लगाकर दो बैंकों को लूटने की कोशिश की लेकिन पुलिस मौके पर पहुंच गई।

मिलाग्रेस के मेयर लेल्सन लान्डिम ने कहा कि बैंक लूट के लिए मौके पर पहुंचने से पहले अपराधियों ने एक ट्रक चुराया था। पुलिस को इसका पता चलते ही गोलीबारी शुरू हो गई, जो 20 मिनट तक चली। इसमें कुछ बंधकों की मौत हो गई, जिनमें कुछ बच्चे भी थे, जिन्हें उनके माता-पिता के साथ बंधक बनाया गया था।

बैंक लूटने वाले कई लोग बचकर भागने में सफल रहे। पुलिस उन्हें पकड़ने के लिए अभियान चला रही है। लान्डिम ने कहा कि मारे गए लोगों में से छह लुटेरे थे जबकि बाकी बंधक बनाए गए लोग थे।